भगवान तुम्हारे चरणो में जब प्यार किसी का हो जाए

भगवान तुम्हारे चरणो में जब प्यार किसी का हो जाए ।
दो चार की फिर तो बात ही क्या संसार उसी का हो जाए ।

प्रह्लाद तो छोटा बालक था, पर प्यार किया परमेश्वर से,
संसार का हो कर क्या लेना, इस बार उसी का हो जाए ।
भगवान तुम्हारे चरणो में...

शबरी ने कौन सा यज्ञ किया, गणिका ने कौन सा वेद पड़ा,
जिसमे छल कपट का लेश नहीं, करतार उसी का हो जाए ।
भगवान तुम्हारे चरणो में...

रावण ने राम से वैर किया, अब तक भी जलाया जाता है,
पर भगत विभीषण शरण पड़ा, घर बार उसी का हो जाए ।
भगवान तुम्हारे चरणो में...

माया के दीवाने शिक्षा लो, तुम प्रेम दीवानी मीरा से,
कर प्रेम प्यारे मोहन से, बेडा पार उसी का हो जाए ।
भगवान तुम्हारे चरणो में...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/950/title/bhagwaan-tumhare-charno-me-jab-pyar-kisi-ka-ho-jaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |